इनसाइटफुल आइडियाज फेस्ट का आयोजन किया

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। एमडीआई गुड़गांव ने 31 अगस्त और 1 सितंबर, 2024 को एमडीआई ऑडिटोरियम में अपने वार्षिक विचार उत्सव 'संवाद 2024' का आयोजन किया। दो दिवसीय इस भव्य आयोजन का आयोजन प्रतिष्ठित पीजीडीएम बिजनेस मैनेजमेंट (बीएम) कार्यक्रम के छात्रों द्वारा किया गया, जो एमडीआई का सबसे पुराना और भारत का सबसे लंबे समय से चलने वाला पूर्णकालिक आवासीय कार्यकारी कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के नेताओं, शिक्षाविदों और छात्रों को आज के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचारों के समृद्ध आदान-प्रदान के लिए एक साथ लाया गया, जिसमें एआई, सस्टेनेबिलिटी और बिजनेस इना.ेवेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया। श्संवाद 2024श के उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलन किया गया, जो कार्यक्रम की शुरुआत का प्रतीक है। इस सत्र में मुख्य अतिथि, ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के नीति प्रमुख और दिल्ली शहरी कला आयोग के अध्यक्ष श्री अजीत पई, विशिष्ट अतिथि, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के लिए एज्योर क्लाउड बिजनेस के प्रमुख श्री बिक्रमजीत देबनाथ और एमडीआई गुड़गांव के सम्मानित संकाय सदस्यों की उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई।